1662/14-08-2021

**दिनांक– 09.06.2021 को Zoom के माध्यम से विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थिति Zoom APP पर उपस्थिति के अनुसार।

1. **RSTI गया** :– प्रतिवेदित किया गया कि राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान के लिए आवश्यक सामग्रीयों के क्रय एवं अन्य कार्यो के लिए अपर समाहर्त्ता, गया को आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है। वर्त्तमान में केवल पुराने भवन में विद्युत तथा बोरिंग की मरम्मति का कार्य लंबित है, जिसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। RSTI बोधगया दिनांक–15.07.2021 से प्रशिक्षण प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। RSTI बोधगया में प्रशिक्षको का पैनल निर्माण हेतु विज्ञापन देने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य की पदस्थापना के लिए सामान्य प्रशासन विभाग से अनुरोध किया गया है।

   विमर्शोपरान्त तय किया गया कि दिनांक–15.07.2021 से बोधगया में प्रशिक्षण प्रारंभ करने के लिए जून माह में RSTI बोधगया का निरीक्षण निदेशालय के द्वारा कर लिया जाए एवं 10 जुलाई के पूर्व पुनः निरीक्षण कर लक्ष्य के अनुसार 15 जुलाई से प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया जाए। प्राचार्य पद के लिए अवकाश प्राप्त पदाधिकारियों की सेवा प्राप्त की जाए।

2. **ETS का क्रय** :– प्रतिवेदित किया गया कि संचिका माननीय मंत्री के यहाँ से प्राप्त हो गई है। अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

   तय किया गया कि संबंधित संचिका से यथाशीघ्र अग्रिम कार्रवाई की जाए।

3. **हवाई सर्वेक्षण IIC के विरूद्ध कार्रवाई की समीक्षा** :– प्रतिवेदित किया गया कि मार्च माह में एजेंसी को दिए गए लीगल नोटिस का जवाब संतोषप्रद प्राप्त नहीं होने के कारण एजेंसीको पुनः नोटिस किया गया है। एजेंसी द्वारा बताया गया है कि 14 जून से सभी जिलों में ETS एवं कर्मी के साथ कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। एजेंसी के कारण होने वाली वित्तीय क्षति के लिए एजेंसी से की जाने कटौती का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

   विमर्शोपरांत तय किया गया कि आगामी सप्ताह में सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के वरीय पदाधिकारियों को बुलाकर बैठक की जाए एवं उनके कार्य प्रगति की समीक्षा कर भुगतान में कटौती के प्रस्ताव से उन्हें अवगत कराया जाए। साथ ही IIC को आवंटित जिलों में दूसरी एजेंसी से कार्य कराने की संभावना पर भी विचार किया जाए।

4. **MRR की स्थिति** :– प्रतिवेदित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण की समीक्षा के लिए दिनांक–07.06.2021 एवं दिनांक–08.06.2021 को सुपौल गए नोडल पदाधिकारी द्वारा सुपौल में MRR के लिए क्रय की गई सामग्रीयों का निरीक्षण किया गया और पाया गया कि क्रय की गई सामग्रीयों को अंचलों में उपलब्ध नहीं कराया गया है एवं किसी भी MRR को क्रियाशील नहीं किया गया है। इस संबंध में सुपौल जिला को पत्र देने की कार्रवाई की जा रही है।

   विर्मशोपरान्त तय किया गया कि जिला पदाधिकारियों को MRR विषय की गंभीरता से अवगत कराया जाए एवं स्पष्ट किया जाए कि इसकी समीक्षा माननीय मुख्यमंत्री के स्तर से की जानी है। जिलों से यह भी प्रतिवेदन प्राप्त किया जाए कि अंचल और राजस्व कर्मचारी के स्तर पर कौन–कौन से अभिलेख रखे हुए है, जिन्हें आधुनिक अभिलेखागार भवन में रखा जाना है साथ ही MRR को क्रियाशील बनाने के संबंध अब तक क्या कार्रवाई की गयी है का प्रतिवेदन भी प्राप्त किया जाए।

5. **खतियान एवं मानचित्र अनुपलब्धता के संबंध में की गई बैठक** :– प्रतिवेदित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में खतियान एवं मानचित्र के अनुपलब्धता की स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई और वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध मे दिनांक–08.06.2021 को विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई है, जिसमें कुछ अतिरिक्त सुझाव प्राप्त हुए हैं।

विर्मशोपरान्त तय किया गया कि अब तक प्राप्त सुझावों को समेकित कर जिलों को अनुपलब्ध खतियान एवं मानचित्र को उपलब्ध कराने के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई और उपलब्ध नहीं रहने पर वैकल्पिक उपायों के संबंध में अलग–अलग दिशा निदेश तैयार कर जिलों को उपलब्ध कराया जाए।

6. **Spatial Mutation** :– प्रतिवेदिन किया गया कि निदेशानुसार दिनांक– 04.06.2021 को प्रशाखा पदाधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी से संपर्क किया गया।

विर्मशोपरान्त तय किया गया कि उपर्युक्त विषय पर दिनांक–14.06.2021 को विभागीय पदाधिकारियों एवं राजस्व विषयों के जानकारों यथा श्री राधामोहन प्रसाद, श्री विनोद कुमार झा आदि के साथ बैठक आयोजित की जाए। बैठक के लिए पूर्व में उपस्थापित प्रारूप के आधार पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण तैयार कर लिया जाए।

7. **मानचित्रों की Door Step Delivery** :– प्रतिवेदित किया गया कि कोरोना के कारण चीफ पोस्टमास्टर जेनरल की मृत्यु के कारण डाक विभाग से एकरारनामा नहीं हो पाया। वर्त्तमान में एकरारनामा की प्रति डाक विभाग को पुनः उपलब्ध करा दिया गया है एवं यथाशीघ्र एकरारनामा कर लिया जाएगा। अन्य राज्यों में ग्रामों के डिजिटली हस्ताक्षरित मानचित्रों को A0 साइज में रैयतो को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधा के बारे में श्री संजय कुमार, एन0आई0सी0 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि अन्य राज्यों यथा महाराष्ट्र, कर्नाटक, छतीसगढ इत्यादि में इस सुविधा के स्वरुप की जानकारी प्राप्त करने हेतु संपर्क किया गया है। एक दो दिनों में विस्तृत जानकारी प्राप्त हो जाएगी।

विर्मशोपरान्त तय किया गया कि यदि अन्य राज्यों द्वारा रैयतो को शुल्क प्राप्त कर A0 साइज में मानचित्र उपलब्ध कराया जा रहा है तो बिहार राज्य में भी यह सुविधा रैयतो को उपलब्ध कराई जाए।

8. **GIS EXPERT AGENCY** :– जी0आई0एस0 सलाहकार, श्री चंदन कुमार द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि EOI/RFP बनाने का कार्य 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है एक से दो दिनों में पूरा कर उपस्थापित किया जाएगा।

तय किया गया कि यथाशीघ्र इसे तैयार कर उपस्थापित किया जाए।

9. **विशेष सर्वेक्षण कार्यो का MIS** :– प्रतिवेदित किया गया कि दिनांक–05.06.2021 को जूम के माध्यम से सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी एवं बंदोबस्त पदाधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक व कार्य प्रगति की समीक्षा की गई और जून माह के लिए विस्तृत कार्य योजना उपस्थापित करने का निदेश दिया गया है। साथ ही नोडल पदाधिकारियो द्वारा जिलों में किए जा रहे कार्यो का सघन अनुश्रवण किया जा रहा है।

विर्मशोपरान्त तय किया गया कि सभी जिलों से जून माह की कार्य योजना तैयार कर कार्यो की प्रगति का सतत अनुश्रवण किया जाए।

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

(जय सिंह) 11/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक:– 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019....1663.......... पटना, दिनांक :–14-06-2021

प्रतिलिपि:– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......1662...... पटना, दिनांक :–14-06-2021

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......1662...... पटना, दिनांक :–14-06-2021

प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप